कार्यालय अधिषाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग, जिला खण्ड, अजमेर ।

दिनांकः—02.07.2018

अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक
एवं एफ.सी.ए. नोडल अधिकारी,
कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
राजस्थान जयपुर ।

विषय—बोराज से चामुण्डा सडक निर्माण हेतु वन क्षेत्र में निर्माण की स्वीकृति बाबत ।
प्रसंगः—आपका पत्रांक एफ—14(रोड)2018/एफसीऐ/पीसीसीएफ/ईडीएस/दिनांक 14.06.2018

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत आपके संदर्भित पत्र के द्वारा चाही गयी बिन्दुवार आक्षेपों की पूर्ति कर सूचना निम्नानुसार प्रस्तुत हैः—

1 बिन्दु सं 1 की पालना के क्रम में लेख है कि प्रस्ताव के पार्ट A-I(II) में वर्णित विवरण के अन्तर्गत बोराज व चामुण्डा ग्रामों को जोडा जायेगा, यह कार्य अजमेर में विभिन्न सडकों के नवीनीकरण एवं सुदृढीकरण हेतु वर्ष 2017—18 मे ग्रामीण सडक मद में करवाया जा रहा है ।

2 प्रस्ताव के पार्ट I के बिन्दु संख्या D के अनुसार उक्त सडक 1980 से पूर्व की निर्मित थी, परन्तु पानी के बहाव के कारण पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो चुकी है । उक्त सडक पर वर्तमान में मिट्टी का कार्य इस विभाग द्वारा नहीं करवाया गया है । यह मार्ग न्यूनतम दूरी 1.80 किमी का है जबकि दूसरा मार्ग लगभग 6.00 किमी लम्बाई का है

3 प्रस्ताव के पार्ट—1 के बिन्दु सख्या K में यूजर एजेन्सी द्वारा वन अधिकार अधिनियम 2006 के अन्तर्गत प्रक्रिया शुरू किये जाने का प्रमाण पत्र संलग्न है ।

4 यूजर एजेन्सी द्वारा पूरी सडक की लम्बाई में 3.75 मीटर की चौडाई में सी.सी. सडक व 1.875 मीटर चौडाई में दोनो ओर बर्म बनाया जायेगा, पहाड़ी क्षेत्र होने की वजह से 1.25 मीटर चौडाई में सड़क के दोनो ओर साईड स्लोप बनाया जाना भी प्रस्तावित है इस प्रकार उक्त रोड निर्माण के लिए 10 मीटर चौडाई में भूमी की आवश्यकता है तथा सडक की इसी चौडाई के अन्दर ही विभिन्न स्थानों पर 200.00 मीटर लम्बाई में ही प्रोटेक्षन वाल बनाया जाना प्रस्तावित है । इस क्रम में निवेदन है कि पूरी लम्बाई में सडक का क्रोस सेक्षन एक ही प्रकार का रहेगा एवं संशोधित क्रोस सेक्षन संलग्न कर दिया गया है।

5 उक्त वन क्षेत्र अनसर्वेड क्षेत्र में आता है अतः गुगल मेप पर सडक का अंकन एवं जमा बंदी की प्रति संलग्न कर प्रस्तुत है ।

6 प्रोजेक्ट रिपोर्ट संलग्न है ।

संलग्नः—उपरोक्तानुसार

भवदीय,

(अशोक रंगनानी)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. जिला खण्ड,
अजमेर

अशोक रंगनानी)
अधिषाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. जिला खण्ड,अजमेर ।